विज्ञा. सं. परियोजना पद/मेल/1/2024-सीडी दिनाँक: 01.07.2024

परिषद अपने मुख्यालय, नई दिल्ली के सीडी प्रभाग के अंतर्गत, "**भारत में मेलिओडोसिस की नैदानिकता और प्रयोगशाला जांच को मजबूत करने के लिए एक बहु-उद्देशीय क्षमता निर्माण की पहल: विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए"** नामक बहुकेन्द्रित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत, पूरी तरह से अस्थायी संविदा आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत परियोजना मानव संसाधन पद पर नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है:

| क्र.सं. | परियोजना के पद का नाम और समेकित पारिश्रमिक | पदों की संख्या एवं आरक्षण | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 01. | परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक-III (गैर-चिकित्सा) रु.78,000/- + यथा ग्राह्य मकान किराया भत्ता (प्रति माह) | एक (01) | 45 वर्ष |

**(क) अपेक्षित योग्यताएं और वांछनीय योगयताओं का विवरण निम्नानुसार हैं:**

| परियोजना मानव संसाधन पद | अनिवार्य अर्हकता | वांछनीय-विवरण |
|---|---|---|
| परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक-III (गैर-चिकित्सा) | (1) एकीकृत पीजी डिग्री सहित प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ, तीन वर्ष के अनुभव या पीएचडी<br>(2) जिसमें एकीकृत पीजी डिग्री के साथ द्वितीय श्रेणी स्नातकोत्तर उपाधि के, साथ पीएच.डी. और तीन वर्ष का अनुभव।<br>(3) प्रधान अन्वेषक या सह-पीआई के रूप में आवश्यकता से संबंधित न्यूनतम पांच परियोजनाओं का पूर्ण संचालन किया हो।<br>(4) इंजीनियरिंग / आईटी / सीएस के लिए –चार साल की प्रथम श्रेणी स्नातक डिग्री के साथ पांच वर्ष का अनुभव | किसी वैज्ञानिक एवं वित्त पोषित एजेंसी में अनुसंधान कार्य करने का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी, तथा निम्नलिखित के विषयों में संदर्भ में आवश्यक अनुभव भी होना चाहिए:<br>• अनिवार्य योग्यता अर्जित करने के पश्चात सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रबंधन में विशेष रूप से निर्दिष्ट परियोजना के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव,<br>• वैज्ञानिक परियोजना प्रबंधन कौशल तथा संचारी रोगों से संबंधित परियोजनाओं के संचालन/समन्वय सहित परियोजना निगरानी और मूल्यांकन में प्रशासनिक अनुभव होना चाहिए।<br>• रिपोर्ट, नोट्स, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन तैयार करने और प्रोग्रामेटिक डेटा डॉक्यूमेंटेशन का अनुभव।<br>• कंप्यूटर संचालन में प्रवीणता, सामान्यतः प्रयुक्त विंडोज (एमएस ऑफिस सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर पैकेज) की जानकारी होना तथा कंप्यूटर अनुप्रयोगों / बिजनेस इंटेलिजेंस टूल्स / डाटा प्रबंधन का ज्ञान होना चाहिए।<br>• कार्यक्रम समीक्षा और समन्वय के लिए यात्रा के अनुभव के साथ बहु-विषयक दल के वातावरण में काम करने की सिद्ध क्षमता। |
| **पद से अपेक्षित कार्य**:<br>• चयनित अभ्यर्थी से सी.डी. प्रभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक/कों की सहायता करने की अपेक्षा की जाती है। | | |

- अंतरिम/समीक्षा बैठकों के आयोजन और बैठकों के विवरण तैयार करने/लिखने सहित वर्चुअल प्लेटफार्मों पर परियोजना संबंधी गतिविधियों की निगरानी/समीक्षा और समन्वय करना।
- परियोजना की रिपोर्ट लिखना और उनका मिलान करना तथा परियोजना की प्रगति और उपलब्धियों की नियमित रूप से रिपोर्टिंग करना
- निर्दिष्ट/कार्यान्वित परियोजना(ओं) में प्रकाशन के लिए वैज्ञानिक नोटिंग और पांडुलिपि का प्रारूप लेखन/संपादन तैयार करना।
- यह सुनिश्चित करना कि परियोजना के परफोर्मेंस संकेतक पूरे हों।
- डाटा गुणवत्ता नियंत्रण में सहायता करना और डाटा सत्यापन के स्रोतों का विश्लेषण करना, प्रश्न करना और किए गए प्रश्नों का समाधान करना।
- प्रभाग में अन्य अनुसंधान परियोजनाओं/गतिविधियों की योजना बनाना, शुरूआत करना और कार्यान्वयन करना।
- प्रभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक/प्रमुख द्वारा वैज्ञानिक/तकनीकी गतिविधियों से संबंधित सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

(ख) **अन्य विवरण**:

| | |
|---|---|
| **कार्य का स्थान** | आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली |
| **अवधि** | 12 माह (परियोजना की अवधि से परियोजना की समाप्ति तक) |
| **आवेदन की अंतिम तिथि** | 19 जुलाई, 2024 (सायं 5.00) |
| **वर्चुअल साक्षात्कार की तिथि** | आईसीएमआर की वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा |

योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन, निर्धारित प्रारूप (**संलग्न**) में सभी संबंधित पहलुओं को विधिवत रूप से भरकर, अद्यतन सीवी और सभी अपेक्षित /प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की **स्कैन की गई प्रतियों** के साथ, विधिवत रूप से स्वयं द्वारा सत्यापित, **केवल एक पीडीएफ फाइल में**, आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर, **अर्थात्** 19 **जुलाई**, 2024 (5:00 **बजे)** तक या उससे पहले ईमेल: tribehealth.icmr@gmail.com पर भेजें। **देरी से/विलंबित से/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों** पर विचार नहीं किया जाएगा और कोई बिना पत्राचार किए बिना रद्द कर दिए जाएगें। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तारिख का इंतजार किए बिना समय से अपना आवेदन जमा कर दें। यदि उम्मीदवार किसी कारणवश समय पर अपना आवेदन जमा करने में विफल रहते हैं तो उसके लिए आईसीएमआर/संस्थान/केंद्र जिम्मेदार नहीं होगा। केवल वे ही आवेदन, जो निर्धारित तिथि और समय के भीतर प्राप्त होंगे हैं और सभी प्रकार से पूर्ण होंगे, उपरोक्त परियोजना मानव संसाधन पदों को शामिल करने की आगे की प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों की छंटनी करने के लिए आईसीएमआर की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा जांचे जाएंगे। छंटनी किए गए **योग्य उम्मीदवारों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वर्चुअल साक्षात्कार के लिए ईमेल के माध्यम से बुलाया जाएगा।** सफल उम्मीदवारों की उम्मीदवारी आईसीएमआर द्वारा सभी मूल दस्तावेजों के सत्यापन और योग्यता, आयु, अनुभव आदि के सभी मामलों में अपेक्षित पात्रता मानदंडों पूरा करने के अधीन है।

**सामान्य नियम एवं शर्तें:-**

1. यह पद पूर्णत: अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त होना है।
2. अपूर्ण/विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. बिना हस्ताक्षर/अहस्ताक्षरित आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

4. आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किया जाएगा।
5. चयन/भर्ती के संबंध में उम्मीदवार की ओर से कोई भी प्रचार करना या बाहरी प्रभाव डालने का प्रयास करना अयोग्यता माना जाएगा।
6. आरक्षित श्रेणियों के लिए आयु में छूट, आईसीएमआर/डीओपीटी के नियमों के अनुसार और योग्य उम्मीदवारों के लिए होगी।
7. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम वैध जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी उम्मीदवारों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र होना चाहिए। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
8. एक बार आवेदन करने के बाद श्रेणी में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
9. आयु सीमा की गणना तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।
10. चूंकि यह पद पूर्णतः अस्थायी आधार पर है, अतः भविष्य निधि, सीसीए, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर आदि का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा।
11. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता आदि नहीं दिया जाएगा।
12. नियुक्ति किसी भी पक्ष द्वारा बिना कोई कारण बताए एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है।
13. चूंकि यह परियोजना पूर्णतः अस्थायी है, अत: चयनित पदाधिकारियों को आईसीएमआर के अंतर्गत नियमित नियुक्ति या किसी भी परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा करने का अधिकार नहीं होगा।
14. समय की कमी के कारण परियोजना की श्रम-शक्ति वाले को पीएचडी के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती।
15. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य मानी जाएगी।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए आईसीएमआर की नीति के अनुसार छुट्टी दी जाएगी।
17. आईसीएमआर अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
18. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
19. प्रतिष्ठित संस्थान से प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में योग्यता और अनुभव होना चाहिए। **न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता प्राप्त करने के बाद का अनुभव मान्य होगा।**
20. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के तहत पहले से नियमित समय-मान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
21. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपना विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र **(संलग्न)** एक नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन छायाचित्र, विस्तृत बायोडाटा/सीवी और सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ **स्वयं द्वारा सत्यापित**; अपनी शैक्षणिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंक-तालिका] कार्य अनुभव, आयु, जाति और **फोटो पहचान पत्र** [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के साथ **एक पीडीएफ फाइल बनाकर** में ईमेल: tribehealth.icmr@gmail.com पर आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तारीख और समय

के भीतर **अर्थात** 19 **जुलाई**, 2024 (**शाम** 5:00 **बजे) तक या उससे पहले** जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंब से/अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए, अनुबंध की सहमत अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी परियोजना मानव संसाधन पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

22. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
23. केवल अनिवार्य अर्हकता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
24. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/आगे की जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखते रहें।

**प्रशासन अधिकारी**
**सीडी प्रभाग**

******

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

**Indian Council of Medical Research**

# पूर्णतः अस्थाई आधार पर परियोजना मानव संसाधन के पद की भर्ती के लिए आवेदन

Application for engagement of Project Human Resource, purely on temporary contract basis

कृपया ध्यान दें: इस आवेदन में कोई भी कॉलम रिक्त न छोड़ा जाए।
Note: No field in this application should be left blank

यहां हाल ही का में लिया गया फोटो चिपकाएं और उस पर हस्ताक्षर करें / paste here Latest photograph and sign across

1. परियोजना मानव संसाधन पद के आवेदित पद का नाम/ Name of the Project Human Resource Position, applied for : ______________________________

2. विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. : ______________________________

3. पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) /Name in full (IN BLOCK LETTERS) : ______________________________
[उपनाम][SURNAME] [नाम][NAME] [पिता/पति][FATHER/HUSBAND]

4. पिता/ पति का नाम /Father's /Husband's Name : ______________________________

5. पत्राचार का पता/Address for Correspondence : ______________________________
______________________________
______________________________

संपर्क नम्बर/Contact No.______________________________
ईमेल आईडी/Email id: ______________________________

6. स्थाई पता/Permanent Address : ______________________________
______________________________
______________________________
______________________________

7. जन्म-तिथि/(साक्ष्य के लिए प्रमाण-पत्र होना चाहिए)/ Date of Birth (Certificate must be supported) : ____________ उम्र/Age :____________(19 जुलाई,2024 तक)/
[dd/mm/yyyy] [years/monts/days] (as on 19th july, 2024)

8. क्या आप एससी/एसटी/ ओबीसी/सामान्य-श्रेणी/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से है/ Whether : ______________________________

SC/ST/OBC/General/EWS

9. वैवाहिक स्थिति/Marital Status ( सही पर निशान लगाएं) /(Tick appropriately) : विवाहित/अविवाहित/तलाकशुदा/विधुर/विधवा
Married / Unmarried / divorcee / widower / widow

10. शैक्षिक अर्हकताएं/ Educational Qualifications : (योग्यता के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होने चाहिएं)/
(Certificates in proof of qualifications must be supported).

| क्र. सं. S.N. | उत्तीर्ण परीक्षा/ EXAM. PASSED | उत्तीर्ण वर्ष/ YEAR OF PASSING | बोर्ड/विश्वविद्यालय/ BOARD / UNIVERSITY | अंकों का प्रतिशत/श्रेणी/ % OF MARKS/ GRADE | विशेषज्ञता/ SPECIALIZATION |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**11. कार्य-अनुभव (अनुभव के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होने चाहिए)/**
**Work Experience (Certificates in proof of experience must be supported):**

| नियोक्ता का नाम/Name of Employer | पद/Post | तारीख से/From date | तक तारीख/To date | छोड़ने का कारण/ Reason for leaving |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता प्राप्त करने के बाद प्राप्त कुल अनुभव (वर्षों में)/
Total Experience gained after acquiring the minimum essential qualification (in years): __________

12. नेट/गेट/राष्ट्रीय स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण, यदि कोई हो।
Details of NET/GATE/National level exams passed, if any.

| **उत्तीर्ण परीक्षा/ Exam passed** | **उत्तीर्ण होने की तिथि,माह,वर्ष/ Date, Month & year of passing** | **मान्य समय (तारीख,माह,वर्ष)/ Valid till (date, month & year)** |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

13. अनुक्रमित जर्नल में प्रकाशित पेपरों की कुल संख्या: ________________________(कृपया प्रत्येक पेपर के साथ प्रभाव कारक और उद्धरण सूचकांक के साथ प्रकाशित शोध लेखों का अनुलग्नक संलग्न करें)।/ Total number of publications in Indexed Journal: ________________________(kindly attach an Annexure of published research articles alongwith Impact Factor and Citation Index against each paper).

**टिप्पणी:** अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, तो अलग सीट या इस पृष्ठ के अगले पृष्ठ पर दी जा सकती है।
Note: Additional information, if any can be provided on a separate paper or on overleaf of this page.

घोषणा: मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा इस फॉर्म में दिया गया विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं। मुझे ज्ञात है कि गलत जानकारी देना या तथ्यों को छिपाना अयोग्यता होगी और उम्मीदवारी रद्द होने की संभावना है/Declaration: I hereby declare that the particulars furnished in this form by me are true to the best of my knowledge and belief. Furnishing of false information or suppression of facts will be disqualification and is likely to render the candidate unfit.

दिनांक/Date: _____________ हस्ताक्षर/Signature: ________________________________________

स्थान/Place: _____________ उम्मीदवार का नाम/Name of the candidate: ____________________